प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

थाना- अलीगंज

दिनांक 29.09.2024

जनपद अम्बेडकरनगर थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण मात्र 12 घंटे में करते हुए मु0अ0सं0 210/24 धारा 103(1) बी0एन0एस0 में संलिप्त अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधीयों के विरूद्ध प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 28.09.2024 को थाना स्थानीय पर ताज मोहम्मद पुत्र शाह मोहम्मद निवासी मखदूमनगर थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा अपने सगे भाई आस मोहम्मद की पोल्ट्री फार्म मखदूमनगर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 210/24 धारा 103(1) बी0एन0एस0 थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर पंजीकृत कर घटना का सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे व फोन सर्विलांस व फोरेसिंक साइंस यूनिट का उपयोग कर 03 व्यक्तियों 01.दिलशाद पुत्र हयात मोहम्मद 02.तबरेज अहमद पुत्र परवेज अहमद 03.राकी कन्नौजिया पुत्र विजय कन्नौजिया नि0गण मखदूमनगर थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्तगण से सघन पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि हम तीनों लोग पोल्ट्री फार्म मखदूमनगर पर बैठकर शराब पी रहे थे। जिसका विरोध करते हुए मृतक आस मोहम्मद द्वारा हमको वहां से जाने के लिए कहा गया व गाली दी गई। इस बात से छुब्ध होकर वे तीनों लोग उत्तेजित हो गए और आस मोहम्मद को धक्का देकर नल के पास गिरा दिया। तबरेज व राकी कन्नौजिया उपरोक्त ने आस मोहम्मद का गला पकड़ा व दिलशाद ने मुर्गी फार्म पर रखे चाकू से उसका गला काट कर हत्या कर दी। उपरोक्त तीनों व्यकि 01.दिलशाद पुत्र हयात मोहम्मद 02.तबरेज अहमद पुत्र परवेज अहमद 03.राकी कन्नौजिया पुत्र विजय कन्नौजिया नि0गण मखदूमनगर थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर को पूछताछ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है व उनकी निशानदेही पर एक चाकू खूनालुदा बरामद किया गया। इस प्रकार थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण मात्र 12 घंटे में किया गया। थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही पुर्ण कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम /पता –

01.दिलशाद पुत्र हयात मोहम्मद
02.तबरेज अहमद पुत्र परवेज अहमद
03.राकी कन्नौजिया पुत्र विजय कन्नौजिया नि0गण मखदूमनगर थाना अलीगंज

बरामदगी-

01 अदद चाकू आला कतल

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

1.थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव
2.उ0नि0 नीरज कुमार
3.उ0नि0प्र0 गोविन्द नारायण मिश्रा
4.का0 अशोक कुमार
5.का0 अभिषेक यादव
6.का0 अरविन्द कुमार
7. का0 बजहुल कमर